No. of Printed Pages : 2 **ई.एच.डी.-3**

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

02965

दिसम्बर, 2014

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-3 : हिन्दी-साहित्य का इतिहास एवं साहित्य-परिचय

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **प्रथम** प्रश्न अनिवार्य है । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

---

1. शब्दशक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके प्रमुख प्रकारों का सोदाहरण परिचय दीजिए । *20*

अथवा

किन्हीं चार प्रमुख अलंकारों का सोदाहरण परिचय दीजिए ।

अथवा

मुक्त छंद और स्वच्छंद छंद में समानता और अंतर स्पष्ट कीजिए ।

2. आदिकालीन रासो-काव्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइए । *20*

3. भक्ति-काव्य के उदय के कारणों पर विचार कीजिए । *20*

4. संत-काव्य के भाव-पक्ष और अभिव्यंजना-पक्ष की चर्चा कीजिए । *20*

5. रामभक्ति-काव्य-परम्परा का परिचय दीजिए । *20*

6. रीतिकालीन परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए । *20*

7. भारतेंदुयुगीन हिन्दी साहित्य की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए । *20*

8. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कहानी का विवेचन कीजिए । *20*

9. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणी लिखिए : $2 \times 10 = 20$

   (क) प्रगतिशील काव्य

   (ख) नाटककार जयशंकर प्रसाद

   (ग) शुक्लयुगीन हिन्दी आलोचना

   (घ) नई कहानी

   (ङ) मुक्त छंद